**CCE RF**
**CCE RR**

ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್, 2017

**S. S. L. C. EXAMINATION, MARCH/APRIL, 2017**

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

## MODEL ANSWERS

ದಿನಾಂಕ : 10. 04. 2017 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H**

Date : 10. 04. 2017 ] **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ + ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh + Regular Repeater )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80

[ Max. Marks : 80

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - क** | |
| | **( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )** | |
| I. 1. | रवींद्रनाथ ठाकुर को लोग गुरुदेव के नाम से पुकारते थे । | 1 |
| 2. | करोड़पति के होश-हवास घाटे की खबर / नौकर की बातें सुनकर उड़ गये । | 1 |
| 3. | प्रताप, पं० राजकिशोर के घर पैसे लौटाने गया था । | 1 |
| 4. | लेखक को स्टेशन पर माली की याद फूल-मालाएँ बेचने के लिए आई । | 1 |
| 5. | मातृभूमि के खेत हरे-भरे हैं । | 1 |
| 6. | पवन का ताप मनुष्य के हुक्म पर चढ़ता-उतरता है । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| II. 7. | अ) - vii) सफाई से खाता | 1 |
| | आ) - iv) सजीव | 1 |
| | इ) - i) लेखक | 1 |
| | ई) - ii) चुटकी देकर | 1 |
| III. 8. | चीनी व्यक्ति | 1 |
| 9. | व्यंग्य रचना | 1 |
| 10. | घोडगेरी | 1 |
| 11. | रामधारी सिंह दिनकर | 1 |
| IV. 12. | जलाशयों से हजारों एकड़ जमीन सींची जाती है । जलाशयों की सहायता से ऊर्जा उत्पादन केंद्र स्थापित हुए हैं । | 2 |
| 13. | औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ युवक-युवतियों की प्रतिभा और कौशल की अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्राप्त हो । इस प्रकार विद्यार्थियों को एक आदर्श महाविद्यालय प्राप्त हो । | 2 |
| 14. | भिखारी बेतहाशा भागते हुए घटना स्थल पहुँचा । उसने बूढ़े व्यक्ति का हाथ पकड़कर अपनी ओर खींच लिया । | 2 |
| 15. | गिल्लू सिरहाने बैठता ।<br>अपने नन्हें पंजों से महादेवी वर्मा के सिर और बालों को हौल से सहलाता । | 2 |
| 16. | आधा घण्टा इंतजार करने पर भी चाय नहीं मिली । चाय के लिए आग्रह करने पर उसने बहुत रुखाई से जवाब दिया । अपने ही शहर में उनके साथ ऐसा व्यवहार साहनी जी को असहनीय लगा । | 2 |
| 17. | बचपन में कंबार, पिता की बातों पर अधिक ध्यान देते थे । उनके पिता कहते — जो पुरुष मेहनती होता है वही सुंदर है । उनकी बातों के प्रभाव से ही कंबार विद्यार्थी जीवन से ही मेहनत करने लगे । इस प्रकार वे उनके आदर्श बने । | 2 |
| 18. | जो मनुष्य बुद्धि को चैतन्य हृदय से जीतता है । सहमनुष्य से स्नेह से रहकर, मनुष्य-मनुष्य के बीच के हर भेदभाव को मिटाता है । यही मनुष्य का सही परिचय है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 19. | सृष्टिकर्ता ने संसार को जड़-चेतन और गुण-दोष से बनाया है । मनुष्य को हंस की तरह विकारों को त्यागकर सद्गुणों को अपनाना चाहिए । | 2 |
| 20. | यशोदा कहती है कि बलराम जन्म से ही दुष्ट ( चुगलखोर ) है । गोधन की कसम खाकर कहती है कि वही कृष्ण की माँ है । | 2 |
| 21. | शनि ग्रह, सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा दस गुना अधिक दूर है । बहुत कम सूर्यताप पहुँचने से शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य के नीचे 150° सेंटीग्रेड के आसपास रहता है । | 2 |
| | **अथवा** | |
| | झूठ बोलनेवालों पर से लोगों का विश्वास उठ जाता है । उनकी प्रगति के रास्ते बंद हो जाते हैं । व्यक्तित्व कुंठित हो जाता है । | |
| 22. | वे जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते । उन्हें जिंदगी में सफलता प्राप्त नहीं होगी । | 2 |
| | **अथवा** | |
| | ऐसा सत्य बोलो जो दूसरों को अच्छा लगे । | |
| | अप्रिय सत्य मत बोलो । | |
| V. 23. | सोशल नेटवर्किंग के फेसबुक, आरकुट आदि साइट्स हैं । सोशल नेटवर्किंग ने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा किया है । इन साइटों से देश-विदेश के लोगों के रहन-सहन, खान-पान, वेश-भूषा, संस्कृति, कला आदि का प्रभाव समाज पर पड़ रहा है । | 3 |
| 24. | पं० राजकिशोर मजदूरों के अधिकारों के लिए लड़नेवाले नेता हैं । बसंत की निस्सहायता को समझकर वे चीज खरीदने को तैयार होते हैं । दुर्घटना में घायल हुए बसंत के घर जाकर उसकी चिकित्सा को व्यवस्था करते हैं । डॉक्टर की सलाह पर अस्पताल पहुँचाने के लिए एम्बुलेंस की भी व्यवस्था करते हैं । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 25. | मातृभूमि के खेत हरे-भरे हैं । वन-उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं । मातृभूमि के अंदर खनिज रूपी धन अपार भरा हुआ है । | 3 |
| 26. | प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास कहते हैं कि धर्म का मूल दया है । पाप का मूल अभिमान है । दया के महत्व को समझाते हुए कहते हैं कि मनुष्य का जीवन पर्यंत दयालु बने रहना चाहिए । | 3 |
| VI. 27. | तिम्मक्का ने श्रीरंगस्वामी मंदिर के मेले में आनेवाले जानवरों के लिए पीने के पानी का इंतजाम किया । अपने पति की याद में हुलिकल में गरीबों की निःशुल्क चिकित्सा के लिए एक अस्पताल निर्माण का संकल्प किया है । पुरस्कार में प्राप्त धनराशि को सामाजिक कार्य और दोन-दलितों की सेवा में अर्पित कर रही है । इस प्रकार पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक कार्य भी कर रही है ।<br>**अथवा**<br>i) बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु के मंदिरों की शिल्पकला अद्‌भुत है ।<br>ii) बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर के मंदिरों की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं ।<br>iii) श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की 57 फुट एकशिला प्रतिमा दुनिया को त्याग और शांति का संदेश दे रही है । ( कोई दो )<br>i) बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु के मंदिरों की वास्तुकला अद्‌भुत है ।<br>ii) विजयपुर के गोलगुंबज़ की व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का श्रेष्ठ उदाहरण है ।<br>iii) मैसूरु का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है ।<br>iv) सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन राजमहल का पुरातत्व वस्तु संग्रहालय आकर्षणीय है । ( कोई दो ) | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 28. | जो तेरी होवे दया दयानिधि<br>तो पूर्ण होते सबके मनोरथ<br>सभी ये कहते पुकार करके<br>यही तो आशा दिला रही है ! | 4 |
| | **अथवा** | |
| | राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।<br>तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।। | |
| | **खण्ड - ख**<br>**( व्याकरण )** | |
| VII. 29. | (C) लेखिका | 1 |
| 30. | (D) दूर | 1 |
| 31. | (B) द्विगु | 1 |
| 32. | (A) संग्रहालय | 1 |
| 33. | (C) में | 1 |
| 34. | (A) बाल-बाल बचना | 1 |
| 35. | (D) पढ़ाना | 1 |
| 36. | (B) प्रश्न वाचक | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - ग**<br>**( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )** | |
| VIII. 37. | क) नीरस-जीवन को हास्य सुखद बनाता है । | 1 |
| | ख) तनाव, व्यस्तता, संघर्ष आदि आज के जीवन की सहज देन हैं । | 1 |
| | ग) कठिन जीवन को जीने योग्य बनाने के लिए जीवन में हँसने का अवकाश हो । | 1 |
| | घ) हास्य का जादू सुगंध की तरह चारों ओर फैलता है । | 1 |
| IX. 38. | ಸಮಯ ಎಂದಿಗೂ ನಿಲ್ಲುವುದಿಲ್ಲ.<br>Time never stops. | 1 |
| 39. | ಘೊಡಗೇರಿ ಗ್ರಾಮವು ಘಟಪ್ರಭಾ ನದಿಯ ದಡದ ಮೇಲಿದೆ.<br>Village Ghodgeri is situated on the banks of river Ghatprabha. | 1 |
| 40. | ಪಂಡಿತ್ ರಾಜಕಿಶೋರ ಎಲ್ಲಿರುತ್ತಾರೆ ?<br>Where does Pt. Rajkishore live ? | 1 |
| 41. | ರವೀಂದ್ರನಾಥರು ಶ್ರೇಷ್ಠ ಚಿತ್ರಕಾರರು / ಚಿತ್ರಕಲಾವಿದರಾಗಿದ್ದರು.<br>Rabindranath was a great artist/painter. | 1 |
| X. 42. | निबंध<br>प्रस्तावना $\frac{1}{2}$<br>विषय विस्तार $1\frac{1}{2}$<br>उपसंहार 1<br>भाषा का प्रयोग 1 | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| XI. 43. | अनौपचारिक पत्र | | |
| | प्रेषक का पता और दिनांक | $\frac{1}{2}$ | |
| | संबोधन और अभिवादन | 1 | 4 |
| | पत्र का कलेवर | $1\frac{1}{2}$ | |
| | समाप्ति और पाने वाले का पता | 1 | |
| | **अथवा** | | |
| | औपचारिक पत्र | | |
| | प्रेषक का पता और दिनांक | $\frac{1}{2}$ | |
| | पत्र पानेवाले का पता | $\frac{1}{2}$ | |
| | विषय व संबोधन | 1 | |
| | पत्र का कलेवर | $1\frac{1}{2}$ | |
| | समाप्ति | $\frac{1}{2}$ | |